CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री काशी संस्कृत ग्रन्थमाला २४८

महाकविभासविरचितम्

अविमारकम्

['गङ्गा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्]

संपादको व्याख्याकारश्च

डॉ० गङ्गासागररायः

एम० ए०, पी-एच० डी०

चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी-१

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

२४८

महाकविभासविरचितम्

अविमारकम्

['गङ्गा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्]

संपादको व्याख्याकारश्च

डॉ० गङ्गासागररायः

एम० ए०, पी-एच० डी०

सर्वभारतीयकाशिराजन्यासस्थः

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा विक्रेता

पो० आ० चोखम्भा, पो० बा० नं० ११३९

जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी (भारत)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

© Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi
Phone : 65889
First Edition : 1989

Also can be had of
CHAUKHAMBHA VISVABHARATI
Post Box No. 1084
Chowk (Opposite Chitra Cinema)
VARANASI-221 001
Phone : 54766

Printers :
SRIGOKUL MUDRANALAYA
Gopal Mandir Lane,
Varanasi-221001

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वक्तव्य

संस्कृत वाङ्मय के देदीप्यमानकृती नाटककार महाकवि भास के 'अविमारकम्' का यह संस्करण अध्येताओं के सामने रखते हुये हमें संतोष का अनुभव हो रहा है। श्री गणपति शास्त्री द्वारा भास के नाटकों का प्रथम प्रकाशन होने के बाद इन नाटकों का सतत संपादन, व्याख्यान और प्रकाशन होता चला आ रहा है। प्रस्तुत संस्करण उसी में एक कड़ी है। इसके व्याख्यान में यदि कुछ गुण हैं तो वह प्राचीन अध्येताओं के परिश्रम की परिणति हैं और जो कुछ त्रुटि हैं वह मेरे मान्द्य और प्रमाद का परिपाक है। इस संस्करण को उपयोगी बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया है और प्रारम्भ में लघुविस्तारी भूमिका में भास एवं उनके नाटक-चक्र का संक्षिप्त किन्तु प्रामाणिक विवरण दिया गया है। अन्त में परिशिष्टों का समावेश कर अध्ययन की सुविधाओं को अग्रसर करने का प्रयास किया गया है। भास का शृङ्गार प्रधान यह प्रकरण सहृदयों को रसानुभूति से आप्लावित करेगा ऐसा विश्वास है।

ग्रन्थ की व्याख्या में हमें स्व० पं० बदरीनारायणमिश्र और पं. हीरामणि मिश्र से सहयोग मिला है और प्रूफ संशोधन में पं० हीरामणि मिश्र तथा पं० कृपासिन्धुशर्मा ने अपेक्षित सहायता की है। इन विद्वानों का मैं आभारी हूँ। पुस्तक प्रकाशन में चौखम्बा संस्कृत-संस्थान के स्वामी श्री मोहनदासजी गुप्त और उनके उदीय-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मान चिरंजीवि श्री राजन ने उत्साह और धैर्य दिखाया है। मेरे आलस्यवश इस लघुकाय नाटक के प्रकाशन में प्रायः दो वर्ष का समय लग गया। फिर भी इन लोगों ने धैर्यपूर्वक इसको पूर्ण किया। अस्तु, संस्कृत-जगत् उनका आभारी है। मैं उन अपने सभी मित्रों, हितैषियों और मान्यों का आभारी हूँ जिनका अहैतुक स्नेह मुझे सुलभ रहता है।

काशी
श्रीकृष्णजन्माष्टमी, २०४५ वि०

गङ्गासागर राय

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भूमिका

भास : परिचय

संस्कृत-वाङ्मय के इतिहास में नाटककार भास का महत्त्व सुतरां सर्वातिशायी है और संस्कृत के महनीय कवियों ने भास की महत्ता को प्रशस्त शब्दों में स्वीकार किया है। न केवल प्राचीनता अपितु लोकप्रियता की दृष्टि से भी भास के नाटक अपनी विशिष्टता से संस्कृत-साहित्य को जाज्वल्यमान बनाये हुए हैं। संस्कृत-काव्य के उस प्रारम्भिक युग में जबकि नाटक की विधा अपनी अवस्थिति को पुष्ट आधार पर अवस्थित न कर पायी थीं। भास ने इतने प्रौढ़, सरस और सरल नाटकों का निर्माण कर उन्हें पञ्चम वेद के रूप में प्रतिष्ठापित किया। आसेतु हिमाचल और पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक भास की मसृण कीर्तिकौमुदी काल की बाधा को बाधित करते हुए विगत प्रायः दो सहस्र वर्षों से निरन्तर सहृदयों का हृदयावर्जन करती आ रही है।

भास के नाटकों की प्रसिद्धि इतनी व्यापक थी और संस्कृत के सभी अध्येता इससे इतने अभिभूत थे कि उनका उल्लेख किये बिना नहीं रह सकते थे। उनकी महत्ता का परिचय कुछ महत्त्वशाली लेखकों के अधोनिर्दिष्ट उद्धरणों से स्पष्ट हो जायेगा।

(१) संस्कृतसाहित्य के सर्वोत्कृष्ट महाकवि कालिदास ने मालविकाग्निमित्र में सूत्रधार से प्रश्न कराया है कि भास, सौमिल्ल, कविपुत्र आदि भूतकाल के यशस्वी कवियों की कृतियों के रहते वर्तमानकाल के कालिदास की कृति में इतना आदर क्यों ?—

प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः।—प्रस्तावना

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(२) प्रख्यात गद्यकार बाणभट्ट ने हर्षचरित में बताया है कि भास के नाटक: सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं, विस्तृत भूमिका वाले होते हैं तथा पताका से युक्त होते हैं। इसलिए वे देवकुल (देवालय) जैसे होते हैं—

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥—हर्षचरित

यहां यह ध्यातव्य है कि सामान्यतया संस्कृत नाटकों का प्रारम्भ नान्दी से होता है पर भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं—यह सूचना मात्र होती है कि नान्दी समाप्त हो चुकी है। भास की यह विशिष्टता बाणभट्ट के समीक्षक हृदय को आकृष्ट किये बिना नहीं रही।

(३) प्राकृत के महाकवि वाक्पतिराज ने अपने महाकाव्य 'गउडबहो' में भास को 'ज्वलनमित्र' कहा है जिसका अर्थ अग्नि का मित्र है। विद्वानों की धारणा है कि स्वप्नवासवदत्ता में स्वप्नवासवदत्ता के जलकर मर जाने की मिथ्या वार्ता प्रसारित कर नाट्य-वस्तु-विकास को जो उपयुक्त एवं हृदयग्राही अवसर प्रदान किया गया उसीसे अभिभूत होकर वाक्पतिराज ने भास को ज्वलनमित्र कहा है—

भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे तहावि रहुचारे।
सोबन्धवे अ बन्धम्मि हारियन्दे अ आणन्दे ॥—गउडवहो ८००

(४) जयदेव ने भास को कविता का हास्य बताया है। भास के नाटकों में हास्य की योजना बड़ी ही कुशलता से की गई है। हास्य के उद्धत और सुकुमार दोनों प्रकारों की योजना भास ने बड़ी ही विशिष्टता के साथ विनिबद्ध की है। उद्धत हास्य के लिए प्रतिज्ञायौगन्धरायण के विदूषक की श्लिष्ट भाषा तथा सुकुमार हास्य के लिए अन्य नाटकों में प्राप्त औदरिक विदूषकों के वचन उदाहरण में द्रष्टव्य हैं। जयदेव का अनर्घराघव में प्राप्त वह पद्य इस प्रकार है—

यस्याश्चोरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।
हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नैषा भवतु कविताकामिनी कौतुकाय ॥—अनर्घराघव

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(५) दण्डी ने अवन्तिसुन्दरी में बताया है कि भास के रूपकों में मुख और प्रतिमुख सन्धियाँ स्पष्टतः भासित होती है तथा भास ने अनेक वृत्तियों का आश्रय लेकर विविध भाव दशाओं का सफल प्रदर्शन किया है।

(६) राजशेखर ने आख्यान के रूप में उपन्यस्त किया है कि विदग्धों ने भास की वासवदत्ता को अग्नि में प्रक्षिप्त कर दिया पर अग्नि भी वासवदत्ता को दग्ध न कर सका---

भासनाटकचक्रेऽस्मिन् छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥—काव्यमीमांसा

(७) नाट्यदर्पणकर्ता रामचन्द्रगुणचन्द्र ने भास के नाटक स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख करते हुए कहा है—

यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः।
—नाट्यदर्पण

इससे यह स्पष्टतः अवभासित होता है कि रामचन्द्रगुणचन्द्र के समय (१२वीं सदी) में भास के नाटक और विशेषतः स्वप्नवासवदत्ता प्रसिद्धि की चरम स्थिति में थे।

(८) इसी सदी के अन्य आचार्य शारदातनय ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक के प्रकरण में भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है।

(९) आचार्य अभिनवगुप्त ने नाट्यशास्त्र पर अपनी टीका में 'क्वचित् क्रीडा यथा वासवदत्तायाम्' कहकर भास की स्वप्नवासवदत्ता का निर्देश किया है।

(१०) भोज ने शृङ्गारप्रकाश में---वासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः—कहकर स्वप्नवासवदत्ता से अपना पूर्व परिचय बताया है।

(११) अमरकोशटीकासर्वस्व में टीकाकार सर्वानन्द ने उदयन एवं वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है। यह भास के नाटक का ही निर्देश हो सकता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(१२) जयानक ने पृथ्वीराजविजय में कहा है कि व्यास तथा भास के श्रेष्ठत्व के विवाद में दोनों की सर्वोत्तम कृतियाँ अग्नि को समर्पित कर दी गयी। भासकृत विष्णुधर्म अग्नि में नहीं जल सका। इस व्याख्या की यथार्थता के विषय में व्यास को महर्षि व्यास मानने पर सन्देह होना स्वाभाविक है। क्योंकि एक तो कालक्रम की दृष्टि से महान् अन्तर, दूसरे व्यास उपजीव्य हैं और तीसरे भासकृत विष्णुधर्म की अप्राप्ति है।

राजशेखर का यह उल्लेख कि स्वप्नवासवदत्ता को अग्नि भी न जला सका, भी इसके विरोध में पड़ता है। अतः यही स्वीकार करना ज्यादा संगत हैं कि राजशेखर के समय में यह जनश्रुति पर्याप्त प्रचलित थी और भास की स्वप्नवासवदत्ता अत्यन्त लोकप्रिय कृति थी और उसकी महत्ता लोक में प्रतिष्ठापित हो चुकी थी। इन उल्लेखों से यह भी स्पष्ट है कि कालिदास के समय या उससे पूर्व से भास की प्रसिद्धि अत्यन्त व्यापक रूप से हो गयी थी और संस्कृत के कवि तथा नाटककार उनका अत्यन्त आदर के साथ उल्लेख करते थे।

भास के नाटकों का प्रकाशन—संस्कृत के कवियों द्वारा इस प्रकार से सम्मानित और उद्धृत भास के नाटक कालचक्र से एकदम दुष्प्राप्य हो गये। उनका उल्लेख केवल कविवचनों और सूक्तियों तक ही सीमित हो गया था। यहाँ यह प्रश्न सहज ही उठता है कि जब भास के नाटक इतने प्रसिद्ध तथा लोकप्रिय थे तो सहसा प्रचार से क्यों दूर हो गये। इस प्रश्न का उचित समाधान तो नहीं हो सका है पर विद्वानों ने कुछ तर्क दिये हैं जिनका सारांश यह है कि उत्तर भारत में मुसलमानों के प्रसार एवं शासन से वैदिक धर्म के प्रतिपादक तथा लोकप्रिय भास के नाटकों का उत्तरी भारत से उच्छेद हो गया। क्योंकि इन नाटकों में 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' का उपदेश है अतः यवन ऐसे राजसिंह का शासन कब सहन कर सकते थे। इसके अतिरिक्त विदेशियों से बार-बार आक्रान्त होने से उत्तर भारत के लोग नैराश्यमग्न होकर धर्म तथा दर्शन की ओर उन्मुख हो गये। फलतः उत्तरी भारत से भास के देवनागरी लेखों का अभाव हो गया।[1]

---

१. विशेष के लिए द्रष्टव्य ए, एस० पी० अय्यरकृत भास पृ० १३–१५

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री ने १९१२ ई० में भास के तेरह नाटकों का प्रकाशन किया। ये १३ नाटक इस प्रकार हैं—(१) दूतवाक्य (२) कर्णभार (३) दूतघटोत्कच (४) मध्यमव्यायोग (५) पञ्चरात्र (६) ऊरुभङ्ग (७) अभिषेक (८) बालचरित (९) अविमारक (१०) प्रतिमानाटक (११) प्रतिज्ञायौगन्धरायण (१२) स्वप्नवासवदत्तम् (१३) चारुदत्त—ये तेरह नाटक तो सर्वथा भासकृत माने जाते हैं।

इनके अतिरिक्त भास की चौदहवीं कृति 'यज्ञफल' नाम से प्रकाश में आयी है। इसे १९४१ ई० में राजवैद्य कालिदास शास्त्री ने प्रकाशित किया और इसे भास कृत बताया। यह नाटक देवनागरी लिपि के दो हस्तलेखों पर आधृत था। किन्तु इसके प्रकाशन के एक वर्ष बाद ही जयपुर के पण्डित गोपालदत्त ने इसे अपनी रचना बतायी। बाद में विद्वानों ने इसकी व्यापक खोजबीन की और पण्डित गोपाल दत्त शास्त्री के दावे को असत्य स्वीकार किया। डा० दाण्डेकर ने इस विषय पर विवेचन कर दर्शाया कि गोपाल दत्त का कथन तो मिथ्या है ही इस नाटक का प्रणयन संवत् १९७० से पूर्व हो चुका था और किसी कवि ने भास के अनुकरण पर इसका प्रणयन किया। यह नाटक ७ अंकों में विभक्त है और रामजन्म से लेकर सीता-विवाह तक की कथा इसमें निबद्ध है। इस विषय का विस्तृत विवेचन डा० पुसालकर के ग्रन्थ भास : ए स्टडी में निबद्ध है।

भास-नाटक-चक्र के सभी नाटक भासकृत हैं अथवा नहीं यह भी प्रश्न विवेचित हुआ है। प्रायः अधिकांश विद्वानों की सम्मति है कि ये सभी नाटक एक ही नाटककार द्वारा प्रणीत हैं। इसके विषय में तर्कों का सारांश इस प्रकार है।

(१) चारुदत्त को छोड़कर सभी नाटक 'नान्द्यन्ते' से प्रारम्भ होते हैं।

(२) अङ्कों के मध्य में छोटे-छोटे प्रवेशकों तथा विष्कम्भकों का प्रयोग हुआ है।

(३) प्रस्तावना के स्थान पर सर्वत्र 'स्थापना' शब्द प्रयुक्त हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(४) सभी नाटकों के भरतवाक्यों (चारुदत्त तथा दूतघटोत्कच में भरत-वाक्य नहीं है) में महीं को सागर पर्यन्तां तथा हिमवद् विन्ध्यकुण्डलां कहकर राजसिंह से उसके शासन की कामना की गई है।

(५) सामान्यतः भरत-प्रतिपादित नाट्य सिद्धान्तों का यहाँ उल्लंघन दृष्टिगोचर होता है क्योंकि मृत्यु, युद्ध तथा दूर से पुकारने की प्रक्रिया इन नाटकों में रंगमञ्च पर प्रदर्शित की गई है।

(६) कुछ विशिष्ट शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थों से भिन्न रूप में हुआ है जिन में 'आर्यपुत्र' का प्रयोग ऐसा ही है।

(७) सभी नाटकों में आकाश भाषित का प्रयोग हुआ है। कञ्चुकी और प्रतिहारी के नामों की कई नाटकों में पुनरावृत्ति हुई है।

(८) 'प्रतिज्ञा' और 'दूतवाक्य' में कञ्चुकी का नाम वादरायण है और स्वप्न, प्रतिज्ञा, अभिषेक और प्रतिमा में प्रतिहारी का नाम विजया है।

(९) कर्णभार को छोड़कर प्रायः सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना का प्रयोग हुआ है।

(१०) नाट्यनिर्देशों का अभाव या त्रुटिपूर्ण होना सामान्यतः सभी नाटकों में प्राप्त होता है।

(११) नाटककार के नाम का उल्लेख किसी भी नाटक में नहीं है और नाटक का नामोल्लेख केवल नाटक के अन्त में ही प्राप्त होता है।

(१२) नाटक में प्रयुक्त विविध छन्दों में साम्य है।

(१३) कई नाटकों में नवागन्तुक के द्वारा प्रभावशाली पद्धति में अप्रत्याशित उत्तर की उपलब्धि होती है।

अभिषेक नाटक में जब रावण-सीता से कहता है कि 'इन्द्रजित् ने राम लक्ष्मण का वध कर डाला अब तुम्हें कौन मुक्त करेगा ?" उसी समय राक्षस आकर कहता है कि 'लक्ष्मणेन…'

इसी प्रकार स्वप्नवासवदत्ता में जब महासेन और अङ्गारवती परस्पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि कौन राजपुत्र वासवदत्ता के लिए उपयुक्त वर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

होगा तभी कञ्चुकी सहसा आकर कहता है वत्सराज। इसके अतिरिक्त इन नाटकों में समान शब्दों तथा दृश्यों की आवृत्ति है, वाक्यों की भी आवृत्ति हुई है। कई नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग हुआ है। एक ही पात्र द्वारा या अन्य पात्रों द्वारा वाक्यांशों की पुनरावृत्ति हुई है, पाणिनीय नियमों का स्खलन हुआ है, भाषा तथा शैली में व्यापक साम्य है और समान सामाजिक स्थिति की प्रतीति होती है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि ये नाटक एक ही नाटककार की लेखनी से प्रसूत हैं।[1]

भास का समय—भास-नाटक चक्र के प्रणेता, संस्कृत साहित्य के मान्य एवं प्रशस्त रचनाकार महाकवि भास के समय के विषय में नाना प्रकार के विचार और मत-मतान्तर उपलब्ध होते हैं। कोई विद्वान् तो इन्हें ईसा पूर्व चतुर्थ शताब्दी का रचनाकार मानता है और कोई ईसा की दशम शताब्दी में इन्हें लाकर रख देता है और कोई-कोई विद्वान् तो इस भास नाटक-चक्र को कालिदास तथा बाणभट्ट आदि द्वारा निर्दिष्ट एवं प्रशंसित भास की रचना ही नहीं मानते अपितु इसे वे किसी केरलीय रचनाकार द्वारा भास के नाम से रचित मानते हैं। अतः इन कालक्रमों के मूल में यह प्रश्न प्रच्छन्न रूप से विद्यमान रहता है कि ये नाटक मूल भास रचित हैं या नहीं। कुछ लोग समग्र रूप से इन्हें भासकृत मानते हैं और कुछ लोग पूर्ण रूप से इन्हें प्रक्षिप्त मानते हैं। कुछ विद्वान् मध्यमार्ग के अनुयायी हैं और कहते हैं कुछ नाटक तो मूल भास कृत हैं और कुछ उसकी अनुकृति पर रचे गये हैं। इन सब बातों पर विचार करने पर यही निश्चित होता है कि भास कालिदास के पूर्ववर्ती हैं और उनका समय कालिदास के समय पर निर्भर करता है। कुछ भी हो भास निश्चित रूप से चौथी सदी ईसा से पूर्ववर्ती हैं।

---

१. नाटकों की समानता के लिए द्रष्टव्य डा० ए० डी० पुसालकर का ग्रन्थ-भास ए स्टडी तथा ए० एस० पी० अय्यर का ग्रन्थ-भास।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कथासार

अविमारक नाटक छः अङ्कों में विभक्त है और नाटक के प्रकरण भेद के अन्तर्गत आता है। इसका नायक विष्णुसेन है, जो अवि नामक असुर को मारने से अविमारक नाम से प्रसिद्ध हुआ। विष्णुसेन सौवीरराज का पुत्र है और उसकी माता का नाम सुदर्शना है। चण्डभार्गव नामक एक अत्यन्त क्रोधी ऋषि के शाप से एक वर्ष तक सौवीरराज सपरिवार चाण्डालत्व को प्राप्त हो गये थे और यह शापकाल उन्होंने अज्ञात रूप से व्यतीत किया।

प्रथम अङ्क में नान्दी के अन्त में मङ्गलाचरण के अनन्तर सपरिवार राजा प्रविष्ट होकर केतुमति दासी से महारानी को बुलवाते हैं। महारानी आनेपर अत्यन्त प्रसन्न दिखाई पडती हैं। राजा उनसे उनकी प्रसन्नता का कारण पूछते हैं तो रानी कहती है कि महाराज ने बताया है कि कुरङ्गी के वरण के लिये दूत आया है अतः मैं शीघ्र ही जामाता का दर्शन करूँगी। कुन्तिभोज जामातृ-वरण में पर्याप्त सोच-विचार कर निर्णय लेने का औचित्य-प्रतिपादन करते हैं। उसी समय गम्भीर ध्वनि सुनायी पड़ती है और कौञ्जायन नामक मन्त्री आकर सूचना देता है कि—वह महाराजकुमारी के साथ उद्यान में गया था और उद्यान-विहार के अनन्तर लौटते समय एक मदमत्त गजराज मार्ग में उत्पात करने लगा। उस समय सब ओर हाहाकार होने लगा, कुछ लोग मर गये तदनन्तर वह हाथी सहसा महाराजकुमारी की सवारी पर टूट पड़ा। उसी समय एक अनुपम सौन्दर्यशाली, वीर एवं विनम्र युवक ने आकर उसे परास्त कर महाराजकुमारी कुरङ्गी को उस विपत्ति से मुक्त कर दिया। थोड़ी देर बाद भूतिक नामक मंत्री ने उस कथा को सुनाकर महाराजकुमारी के युवक द्वारा त्राण की कथा की पुष्टि की। इसे सुनकर राजा कुन्तिभोज उस युवक के पराक्रम और परदुःखकातरता से अत्यन्त प्रभावित होते हैं और उस युवक के कुल-शीलादि का पता लगाने का आदेश देते है क्योंकि कौञ्जायन नामक मंत्री ने सूचना दी थी कि वह अपने को अन्त्यज कहता है। भूतिक

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

का मत है कि रूप सद्गुणादि के आधार पर वह सत्कुलोत्पन्न है। वह अपने को छिपा रहा है अतः अन्त्यज बताता है। राजा मन्त्रियों से पूछते हैं कि काशिराज के दूत को क्या उत्तर दिया जाय। भूतिक और कौञ्जायन का मत है कि सौवीरराज ने अपने पुत्र के निमित्त पहले दूत भेजा था। उस समय कन्या छोटी है यह कहकर टाल दिया गया था। अब काशिराज का दूत आया है अतः सोच-विचार कर निर्णय करना चाहिये। राजा कहते हैं कि सौवीरराज का पुनः कुछ पता नहीं लगा। सौवीरराज महारानी के भाई हैं अतः उन्हें प्राथमिकता देनी चाहिये ऐसा कौञ्जायन का विचार है। भूतिक बताता है कि सौवीरराज सारा राज्यकार्य मन्त्रियों में न्यस्त कर लापता हैं। काशिराज के दूत का इस समय प्रत्याख्यान न किया जाय ऐसा निश्चय होता है।

द्वितीय अङ्क में विदूषक आकर कुरङ्गी पर आसक्त अविमारक की मनोदशा का वर्णन करता है। इसी बीच चेटी और विदूषक में कुछ विनोद-पूर्ण बातें होती हैं और चेटी चली जाती है। तब अविमारक आकर कुरङ्गी पर अपनी आसक्ति का वर्णन करता है। वह कुरङ्गी के रूप-यौवन पर इतना अधिक आसक्त है कि उसे भूख-प्यास नहीं लगती है अनिद्रा की स्थिति हो गयी है, शरीर पीतवर्ण का हो गया है। कुरङ्गी की भी वैसी ही दशा है। यह दशा दोनों की हस्तिसंभ्रम के दिन से ही है। धात्री और नलिनिका मिलकर कुरङ्गी एवं अविमारक के मिलने की योजना बनाते हैं और 'नलिनिका' अविमारक को इसका निमंत्रण दे आती हैं। अविमारक इस निमन्त्रण से अत्यन्त प्रसन्न होता है और पराक्रम का आश्रय लेकर कन्या के अन्तःपुर में प्रवेश का निश्चय करता है।

तृतीय अङ्क में नलिनिका अविमारक के अन्तःपुर में प्रवेश की व्यवस्था कर देती है। अविमारक रक्षि-पुरुषों के कड़े पहरे के होने पर भी अकेले कन्यान्तःपुर में प्रवेश कर जाता है। कुरङ्गी उसे पाकर अत्यन्त आश्चर्या-न्वित एवं प्रसन्न होती हैं। दोनों सानन्द कालयापन करने लगते हैं।

चतुर्थ अङ्क में ज्ञात होता है कि वर्ष पर्यन्त कन्यान्तःपुर में अविमारक के निवास के बाद यह वृत्तान्त कुन्तिभोज को ज्ञात हो जाता है। कुरङ्गी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लज्जा और भय से संत्रस्त हो जाती है। उसका स्नेह उसी प्रकार का उद्दाम है। अविमारक पकड़े जाने के भय से निकल भागता है। किन्तु प्रियतमा के वियोग के कष्ट को सहन करने में वह असमर्थ है। वह इतना दु:खी और विषण्ण है कि आत्महत्या का निश्चय करता है। सर्वप्रथम वह जलमें डूबकर मरना चाहता है पर जल में डूबकर मरने को धर्म विरुद्ध मानकर वह दावानल में प्रविष्ट होकर मृत्यु का वरण करना चाहता है। वह अग्नि में प्रवेश कर जाता है पर अग्नि शीतल होकर मलय चन्दन के लेप की भाँति उसे प्रतीत होता है। अन्त में वह मरुत् प्रपात (पर्वत से कूदकर आत्महत्या) करना चाहता है। इस उद्देश्य से वह पर्वत पर चढ़ जाता है परन्तु उसी समय एक सपत्नीक विद्याधर वहाँ आ जाता है। उसकी रूप संपत्ति से प्रभावित विद्याधर उसकी विरह-वेदना का ज्ञान प्राप्त करता है। विद्याधर उसके कष्ट से द्रवित हो जाता है और उसे एक दिव्य अङ्गुलीयक (अंगूठी) प्रदान करता है जो दाहिने हाथ में धारण करने पर अदृश्य बना देती है और वाम हस्त में धारण करने पर पुनः दृश्य कर देती है। उस अङ्गुलीयक को प्राप्त कर वह पुनः अपनी प्रियतमा कुरङ्गी से मिलने को तैयार हो जाता है। वह कुन्तिभोज की नगरी में लौट आता है और वहीं उसकी विदूषक से भेंट हो जाती है और वह सारा वृत्तान्त विदूषक को बताता है।

पञ्चम अङ्क में ज्ञात होता है कि अविमारक के वियोग में कुरङ्गी की दशा अत्यन्त दयनीय हो गयी है। वह सभी शृङ्गारों का परित्याग कर बैठी है। वह सखियों की दृष्टि बचाकर आत्महत्या भी करना चाहती है उसी बीच विदूषक के साथ वह अङ्गुलीयक की सहायता से वहाँ पहुँच जाता है। दोनों मिलकर परम प्रसन्न होते हैं। परिचारिकायें विदूषक को वहाँ से हटा ले जाती हैं। दोनों का समय पुनः आनन्द से बीतने लगता है।

षष्ठ अङ्क में सौवीरराज का सपुत्र पता न चलने पर कुन्तिभोज काशि-राज के पुत्र जयवर्मा से कुरङ्गी के विवाह का निश्चय करते हैं। एतदर्थ उन्होंने जयवर्मा को उसकी माता सुदर्शना के साथ अपने यहां बुला लिया है। विवाह की सब तैयारियाँ हो चुकी हैं। सौवीरराज भी प्रकट होकर आ

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जाते हैं। कुन्तिभोज और सौवीरराज मिलकर परम प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। पुत्र-वियोग के कारण सौवीरराज अत्यन्त दुःखी हैं। जब कुन्ति-भोज उनके दुःख का कारण पूछते हैं तो पुत्र का पता न चलने का वृत्तान्त बताते हैं। सौवीरराज चण्डभार्गव के शाप के कारण पत्नी और पुत्र के साथ अज्ञातवास कर रहे थे तभी से अविरूपधारी असुर का संहारक पुत्र गायब है। सौवीरराज के पुत्र की वीरता को सुनकर कुन्तिभोज को विश्वास हो जाता है कि हस्तिसंभ्रम के दिन कुरङ्गी की रक्षा करने वाला अविमारक ही था। कुरङ्गी का विवाह जयवर्मा से संपन्न होने ही वाला था कि उसी समय देवर्षि नारद वहाँ उपस्थित हो गये। देवर्षि नारद ने बताया कि अविमारक यहीं पर कुन्तिभोज के अन्तःपुर में कुरङ्गी के साथ है। दोनों का विवाह भी गान्धर्व पद्धति से हो गया। उन्होंने सुदर्शना से यह भी रहस्य बता दिया कि अविमारक तुम्हारा ही पुत्र है जो अग्निदेव से उत्पन्न है और तुम्हीं ने उसे अपनी भगिनी सुचेतना को जन्मकाल में ही दे दिया था क्योंकि उसका पुत्र प्रसवकाल में ही मृत हो गया था। सुचेतना सौवीरराज की पत्नी है। यह वृतान्त जानकर सुदर्शना संतुष्ट हो जाती है क्योंकि वह अपने पुत्र जयवर्मा को कुरङ्गी के साथ विवाह के लिये लेकर आयी है। कुरङ्गी की छोटी बहन सुमित्रा के साथ जयवर्मा का विवाह संपन्न हो जाता है। इस प्रकार सौवीरराज, काशिराज और कुन्तिभोज सभी प्रसन्न हो जाते हैं।

चरित्राङ्कन

अविमारक—यह इस नाटक का नायक है। यह सौवीरराज का पुत्र है। वस्तुतः यह अग्निदेव द्वारा सुदर्शना में उत्पन्न हुआ था पर सुदर्शना ने इसे अपनी छोटी बहन सुचेतना, जो सौवीरराज की पत्नी है, को उत्पन्न होते ही दे दिया था और इस प्रकार यह सौवीरराज के पुत्र के रूप में प्रख्यात हुआ। इसका वास्तविक नाम विष्णुसेन था पर अविरूपधारी असुर को मारने के कारण यह अविमारक नाम से लोक-प्रसिद्ध हुआ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अविमारक सुरूप, आकर्षक, अनहंकारी, नम्र, सुकुमार, आत्मविश्वासी, अपूर्व साहसी एवं बल-पराक्रम से संपन्न है। उसका सौम्यरूप देवतुल्य, ब्राह्मणतुल्य सुसंस्कृत वाणी तथा क्षत्रिय के समान बल एवं तेज हैं—

दैवं रूपं ब्रह्मजं तस्य वाक्यं
क्षात्रं तेजः सौकुमार्यं बलं च। (१।७)

उसके रूप को देखकर विद्याधर भी प्रभावित हो जाता है और कहता है कि यह मन्त्रभ्रष्ट विद्याधर ही है क्योंकि ऐसा रूप अन्यत्र कहाँ हो सकता है। वीरता भी उसमें पराकोटि की है। बाल्यकाल में ही दुर्दान्त असुर अवि का अकेले वध कर दिया था। कुन्तिभोज की नगरी में हस्ति-संभ्रम के अवसर पर अकेले ही उस मत्तगज को पकड़कर कुरङ्गी की सवारी से पृथक् कर उसे हस्तिशाला में डाल दिया। इस घटना में उसके बल-पराक्रम के साथ ही उसकी परदुःखकातरता भी स्पष्टतः द्योतित होती है। जब कुन्तिभोज के अन्तःपुर में जाने का अवसर उपस्थित होता है तो वह एकाकी अपने पराक्रम का आश्रय लेकर रक्षिपुरुषों से घिरे अन्तःपुर में प्रवेश कर जाता है। शौर्य-पराक्रम के साथ ही साथ उसका प्रेम भी एकनिष्ठ है। कुरङ्गी में आसक्त होने पर वह शरीर की चिन्ता छोड़ देता है। कुरङ्गी से पृथक् होने पर वह प्राणत्याग करने में नहीं हिचकता। संक्षेप में अविमारक अनुपम रूप-सौन्दर्य, बल-पराक्रम, तेज से संपन्न पुरुष है। वह परदुःखकातर और प्रेमी व्यक्ति है। नायक के सभी गुणों से वह संपन्न है।

कुरङ्गी—वैरन्त्य नगर के स्वामी राजा कुन्तिभोज की कन्या इस नाटक की नायिका है। वह अनुपम सौन्दर्यशालिनी है। उसके सौन्दर्य का वर्णन करते हुये अविमारक कहता है—

उरः स्तनतटालसं जघनभारखिन्ना तनुः
मुखं नयनवल्लभं प्रकृतिताम्रबिम्बाधरम्।
भयेऽपि यदि तादृशं नयनपात्रपेयं वपुः
कथं नु सुरतान्तरप्रचुरविभ्रमं तद् भवेत्॥ २।६

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उर-प्रदेश स्तन के भार से अलस हैं और जघनभार से शरीर खिन्न है। मुख नेत्रों को आकर्षक है, विम्ब तुल्य अधर स्वभावतः लाल है। यदि भय में भी शरीर नेत्रों को ऐसा लुभावना लग रहता है तो सुरतान्तर में कैसा हाव-भाव युक्त होगा।

हस्तिसंभ्रण के समय ही अविमारक उस मोहक आकृति पर आकृष्ट हो गया और उसका यह आकर्षण अनुदिन वृद्धिगत ही होता रहा।

कुरङ्गी ने प्रेम के वश होकर अपने हृदय को सर्वात्मना अविमारक को समर्पित कर दिया था। यह नैसर्गिक प्रेम प्रथम दृष्टि में ही हो गया और उसमें कभी न्यूनता नहीं आयी। कुरङ्गी में स्त्री-सुलभ लज्जा, भयादि गुणों की भी अवस्थिति तत्तद् स्थलों पर द्रष्टव्य है। प्रथमतः तो भ्रम से अविमारक का आलिङ्गन करने पर चरित्रपतन की आशंका से घबड़ाती है पर बाद में यह स्थिति जाती रहती है। दयादाक्षिण्यादि गुण भी उसमें पर्याप्त मात्रा में वर्तमान हैं। उसकी परिचारिकायें उसकी मनोनुकूल परिस्थितियों को जुटाने में प्राण-पण से संलग्न हैं जिससे उसके दान-दाक्षिण्यादि गुणों की प्रतीति होती है।

विदूषक—इसका नाम संतुष्ट है। वह हास्योत्पादक और पेटू है। अविमारक उसके स्वभाव का वर्णन करता है—

> **गोष्ठीषु हास्यः समरेषु योधः**
> **शोके गुरुः साहसिकः परेषु।**
> **महोत्सवो मे हृदि किं प्रलापैर्**
> **द्विधा विभक्तं खलु मे शरीरम् ॥४।२१**

यह गोष्ठियों में तो हास्योत्पादक है, युद्ध में वीर है, दुःख-शोक में गुरुतुल्य है, शत्रुओं में साहसी है। उसकी विभिन्न उक्तियों से यह स्पष्ट होता है कि वह निरक्षर भट्टाचार्य और भोजनभट्ट है। पर वस्तुतः इसके ये रूप हास्योत्पादन के लिए ही प्रतीत होते हैं यथार्थ में वह नायक का परम हित-संपादक, मनोविनोदकारक और दुःख-सुख में सतत सहचर है।

धात्री तथा नलिनिका—ये कुरङ्गी की परिचारिकायें हैं और सतत

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उसके सुख और मनोविनोद का उपाय करती रहती हैं। ये दोनों वाक्पटु और उचित समय पर उचित कार्य करने में सिद्धहस्त हैं। अविमारक और कुरङ्गी को मिलाने का महत्त्वपूर्ण कार्य ये संपन्न कराती है। दूसरी बार अविमारक और कुरङ्गी को मिलाकर ये विदूषक को वहाँ से हटा ले जाती हैं। इनमें उनकी चतुरता और बुद्धिकौटिल्य स्पष्ट है। वे दोनों कुरङ्गी के सुख में सुखी और उसके दुःख में दुःखी रहती है।

भूतिक और कौञ्जायन—ये वैरन्त्य नगर के स्वामी कुन्तिभोज के अमात्य है। ये अपने दायित्व के प्रति सदैव सचेष्ट हैं। कौञ्जायन ने अमात्यों के दायित्व का इस पद्य में बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया है—

प्रसिद्धौ कार्याणां प्रवदति जनः पार्थिवबलं
विपत्तौ विस्पष्टं सचिवमतिदोषं जनयति।
अमात्या इत्युक्ताः श्रुतिसुखमुदारं नृपतिभिः
सुसूक्ष्मं दण्ड्यन्ते मतिबलविदग्धाः कुपुरुषाः ॥१।५

अर्थात् यदि कार्य सिद्ध होता है तो लोग इसे राजा की सामर्थ्य समझते हैं और असफलता में मन्त्रियों का दोष मानते हैं। ऐसी विकट परिस्थितियों में मंत्री कार्य करते हैं।

समीक्षा

अविमारक एक प्रकरण है जिसकी विषयवस्तु कविकल्पना-प्रसूत है। इसमें सौवीरराज के पुत्र अविमारक और वैरन्त्य नगराधीश्वर कुन्तिभोज की कन्या कुरङ्गी का प्रणय वर्णित है। यह प्रणय हस्तिसंभ्रम के दिन से पूर्व राग के रूप में उद्भूत होता है और तभी से प्रगाढ़ आसक्ति के रूप में परिणत हो जाता है। छिपे-छिपे मिलने का यह प्रेम कथानक अन्त में दोनो के परिणय में परिवर्तित हो जाता है। घटना-क्रम का संयोजन इस कौशल और सिद्धहस्तता से किया गया है कि अन्ततः सारी विपरीत परिस्थितियां अनुकूल वन बैठती है और दोनों का विवाह संपन्न होता है। कल्पनाप्रसूत इस कथा की रचना, विभिन्न घात-प्रतिघात और विषम

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परिस्थितियों का सर्जना और सभी की सुखद परिणति भास की महती सफलता है। कुरङ्गी का विवाह काशिराज के पुत्र से होने जा ही रहा था कि सहसा देवर्षि नारद प्रकट हो गये। उन्होंने कुछ रहस्य की बातें बतायी। काशिराज की स्त्री का परितोष कर दिया और कुरङ्गी का विवाह अविमारक से हो गया। कथानक का यह आकस्मिक रूप बड़ा ही हृदयहारी हैं—

भास अपने कथनोपकथनों के लिए प्रसिद्ध हैं। वे लघु-वाक्यों एवं सरल शब्दों के माध्यम से वे दर्शक और पाठक का हृदयावर्जन करते हैं। इनके कथनोपकथनों में इतनी स्वाभाविकता होती है कि अभिनय काल में वे सद्यः दर्शक के चित्त को आकृष्ट कर लेते हैं। अविमारक में भी भास का यह गुण बड़ी विस्पष्टता से परिलक्षित होता है। यह कथनोकथनों का वैशिष्टय सभी संवादों में वर्तमान है।

भास की भाषा सरल है और भास कठिन शब्दों के संग्रह के पक्षपाती नहीं है। फलतः उनके नाटक रङ्गमञ्च पर सरलता से अभिनीत होते हैं। अविमारक की भाषा उनकी इस विशेषता से परिपूर्ण हैं। सरल शब्दों के माध्यम से नाटककार अपनी बात को सद्यः एवं सीधे दर्शक तक पहुँचा देता है।

नाटक का मुख्य रस शृङ्गार है। नाटक के आदि से अन्त तक शृङ्गार की सत्ता ओत-प्रोत है। बीच-बीच से प्रकरणवशात् अन्य रसों का भी विनियोजन नाटककार ने किया है। किन्तु वे सभी रस अङ्ग या सहायक ही हैं, प्रधान या अङ्गी तो शृङ्गार ही हैं।

अविमारक में काव्य-कौशल का नाटककार ने सम्यक् उपयोग किया है। मनुष्य की नाना सूक्ष्मातिसूक्ष्म मनोवृत्तियों, विविध कालोपयोगी सूक्तियों, प्रकृति का सूक्ष्म चित्रण आदि सभी काव्यगत विशेषतायें इस नाटक में उपलब्ध है। बहुत ऊपर से देखने पर पृथ्वी की विशालतम वस्तुयें भी कितनी लघु दिखाई पड़ती हैं इसका दिग्दर्शन विद्याधर के इस कथन से होता है :

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

शैलेन्द्राः कलभोपमा जलधयः क्रीडातटाकोपमाः
वृक्षाः शैवलसंनिभाः क्षितितलं प्रच्छन्ननिम्नस्थलम्।
सीमान्ता इव निम्नगाः सुविपुलाः सौधाश्च विन्दूपमाः
दृष्टं वक्रमिवाभिभाति सकलं संक्षिप्तरूपं जगत् ॥४।११

पहाड़ हस्तिशावक के समान, समुद्र क्रीडावापी के समान और वृक्ष शैवाल-सदृश लग रहे हैं। पृथ्वीतल का निम्नभाग अदृश्य हो रहा है। नदियाँ सीमान्त की भाँति प्रतीत हो रही हैं। बड़े-बड़े प्रासाद विन्दु-सदृश लग रहे हैं। यह संपूर्ण जगत् संक्षिप्त रूप में लग रहा है और दृश्य टेढ़े प्रतीत हो रहे हैं।

रात्रि के घोर अन्धकार का वर्णन कवि कितनी भाव-प्रवणता से कर रहा है—

तिमिरमिव वहन्ति मार्गनद्यः
पुलिननिभाः प्रतिभान्ति हर्म्यमालाः।
तमसि दश दिशो निमग्नरूपाः
प्लवतरणीयः इवायमन्धकारः ॥३।४

मार्ग-रूपी नदियाँ मानो अन्धकार (रूपीजल) को वहा रही है। प्रासादों की पंक्ति कूल (किनारे) जैसे प्रतीत हो रहे हैं। घोर अन्धकार में चारों दिशायें डूब गयी हैं। यह अन्धकार मानो नाव से पार किया जायेगा।

कवि का घोर तामिस्र का यह वर्णन नितरां हृदयावर्जक है।

अर्धरात्रि का यह दूसरा वर्णन भी कितना विस्पष्ट एवं प्रभावोत्पादक है।

गर्भस्था इव मोहमभ्युपगताः सर्वाः प्रजा निद्रया
प्रासादाः सुखसुप्तनीरवजना ध्यानं प्रविष्टा इव।
प्रग्रस्ता इव संचितेन तमसा स्पर्शानुमेया नगाः
अन्तर्धानमिवोपयाति सकलं प्रच्छन्नरूपं जगत् ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस समय सारी प्रजा गर्भस्थ शिशु की भाँति मोह में पड़ी है (मुग्ध है)। प्रासादों में सभी सुख से सोये हैं अतः नीरवता है। मानो प्रासाद ध्यानमग्न हों। एकत्रित अन्धकार से ढँके वृक्ष स्पर्श से ज्ञात होते हैं। जगत् प्रच्छन्नरूप वाला हो गया है मानो अन्तर्धान हो रहा है।

संध्याकाल का वर्णन नाटककार ने निम्नोद्धृत पद्यों में बड़ा ही मार्मिक किया है। इन पद्यों को देखते ही कवि की सूक्ष्मेक्षिका का स्पष्ट अवभास होता है।

पूर्वा तु काष्ठा तिमिरानुलिप्ता
सन्ध्यारुणा भाति च पश्चिमाशा।
द्विधा विभक्तान्तरमन्तरिक्षं
यस्यार्धनारीश्वररूपशोभाम् ॥२।१२

सन्ध्याकाल हो गया है। पूर्व दिशा अन्धकार से व्याप्त हो गई है और पश्चिम दिशा में संध्याकालीन अरुणिमा (ललाई) व्याप्त है। इस प्रकार अन्तरिक्ष दो भागो में विभक्त हो गया है और भगवान् शङ्कर के अर्ध-नारीश्वर रूप की शोभा को प्राप्त कर रहा है।

आकाश में पूर्व दिशा में तो अन्धकार व्याप्त हो रहा है और पश्चिम में सन्ध्याकाल की अरुणिमा से कुछ प्रकाश है। प्रतीत होता है कि अन्तरिक्ष भगवान् शङ्कर का अर्धनारीश्वर रूप है। कैसी सटीक उपमा है। भगवान् शङ्कर व्योमकेश और जीमूतकेतु तो हैं ही। यह कवि की कल्पना प्रकृति के सूक्ष्मेक्षण का प्रसाद है।

व्यामृष्टसूर्यतिलको विततोडुमालो
नष्टातपो मृदुमनोहरशीतवातः।
संलीनकामुकजनः प्रविकीर्णशूरो
वेषान्तरं रचयतीव मनुष्यलोकः ॥२।१३

मनुष्य लोक का सूर्यरूप तिलक हट गया है और ताराओं की माला फैल गयी है। धूप नष्ट हो गयी है, मृदु मनोहर शीतल वायु प्रवाहित हो

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रही है। कामुक जन (अपने-अपने संकेत-स्थानों में) छिप गये हैं। शूर (रक्षि-) पुरुष विचरण कर रहे हैं। मानो यह मनुष्य लोक दूसरे वेष को धारण कर रहा है।

यह नाटक कवि की सूक्तियों से भी भरा पड़ा है जो कवि के जीवन, जगत्, शास्त्र और व्यवहार ज्ञान का पूर्ण परिचायक है। संक्षेप में अविमारक भास की एक उत्तम नाट्य कृति है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भासप्रशस्तयः

(१)

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥ बाणभट्टः हर्षचरित १।१५

(२)

भासनाटकचक्रेऽपिच्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥ राजशेखरः

(३)

सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥ दण्डी, अवन्तिसुन्दरी

(४)

भासो हासो कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।

(५)

प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।—कालिदास, विक्रमोर्वशीयम् ।

(६)

भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौबन्धने च बन्धे हरिचन्द्रे च आनन्दे ॥ गउडवहो

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पात्रपरिचयः

(अ) पुरुषपात्राणि—

१. राजा कुन्तिभोजः—कुरङ्ग्याः पिता
२. कौञ्जायनः—कुन्तिभोजस्यामात्यः
३. भूतिकः—कुन्तिभोजस्यामात्यः
४. भटः—कुन्तिभोजस्य जयसेननामा प्रतिहारी
५. अविमारकः—सौवीरराजस्य पुत्रः विष्णुसेननामा
६. विदूषकः—अविमारकस्य संतुष्टनामा सखा
७. सौवीरराजः—अविमारकस्य पिता
८. नारदः—देवर्षिः
९. विद्याधरः—अविमारकाय अंगुलीयकप्रदानकर्ता
१०. जयवर्मा—काशिराजस्य तनयः

(ब) स्त्री-पात्राणि—

१. देवी—कुन्तिभोजस्य महिषी, कुरङ्ग्या माता
२. कुरङ्गी—कुन्तिभोजस्य कन्या, अविमारकस्य प्रेयसी
३. सुदर्शना—अविमारकस्य जननी, काशिराजपत्नी
४. प्रतीहारी—कुन्तिभोजस्य द्वाररक्षिका
५. चेटी—चन्द्रिकानाम्नी कुरङ्ग्याः सेविका
६. धात्री—कुरङ्ग्याः पोषणकर्त्री जयदा नाम्नी
७. नलिनिका
८. मागधिका
९. विलासिनी
} कुरङ्ग्याः सेविकाः सहचारिण्यश्च
१०. वसुमित्रा
११. हरिणिका
} देव्याश्चेट्यौ
१२. सौदामिनी—विद्याधरस्य प्रेयसी
१३. सुचेतना—सौवीराजस्य पत्नी
१४. सुमित्रा—जयवर्मणः पत्नी कुरङ्ग्याः भगिनी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

महाकविभासप्रणीतम्

अविमारकम्

'गङ्गा' संस्कृतहिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः ।)

सूत्रधारः—

उत्क्षिप्तां सानुकम्पं सलिलनिधिजलादेकदंष्ट्राग्ररूढा-
माक्रान्तामाजिमध्ये निहतदितिसुतामेकपादावधूताम् ।

व्यापृण्वानो विश्वतो विश्वरूपः, कश्चिद् देवः सच्चिदानन्दरूपः ।
एतत्कृत्ये वृत्तये चेतसो मे निष्प्रत्यूहं जायतां हृन्निविष्टः ॥

अन्वयः—सलिलनिधिजलात् सानुकम्पम् उत्क्षिप्ताम्, एकदंष्ट्राग्ररूढाम्, आक्रान्ताम् आजिमध्ये निहतदितिसुताम्, एकपादावधूताम्, प्रीतिपूर्वम् सम्भुक्ताम्, स्वभुजवशगताम् एकचक्राभिगुप्तान् उच्छ्रितैकातपत्राम् वसुधाम् श्रीमान् नारायणः ते प्रदिशतु ।

व्याख्याः—उत्क्षिप्तामिति—सलिलनिधिजलात् = वारिधिपयसः, सानुकम्पम् = सकृपम । उत्क्षिप्ताम् = उत्थापिताम् एकदंष्ट्राग्रलग्नाम् = केवलं एकदशनसंसक्ताम् (वाराहावतारे), आक्रान्ताम् = विक्रम्याधीनीकृताम् , आजिमध्ये = संग्रामे, निहतदितिसुताम् = विनाशितदैत्याम् (नृसिंहावतारे),

---

(नान्दी के अन्त में सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—भगवान् ने जिस पृथिवी को समुद्र के जल से अपने वराहावतार में एक दाँत पर उठाया, (नृसिंहावतार में हिरण्यकश्यपु) दैत्य को

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सम्भुक्तां प्रीतिपूर्वं स्वभुजवशगतामेकचक्राभिगुप्तां
श्रीमान् नारायणस्ते प्रदिशतु वसुधामुच्छ्रितैकातपत्राम् ॥१॥

(नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) आर्ये ! इतस्तावत् ।

(प्रविश्य)

नटी—अय्य ! इअम्हि । [आर्य ! इयमस्मि ।]

सूत्रधारः—आर्ये ! तव वदनजनितकौतूहलेन स्मितेन निवेदित इवान्तर्गतो भावः । ननु किञ्चिद् वक्तुकामासि ।

एकपादावधूताम् = एकपदन्यासकम्पिताम्, (वामनावतारे), प्रीतिपूर्वम् = सानुरागम् , सम्भुक्ताम् = सम्पालिताम् । (रामावतारे) । स्वभुजवश-गताम् = आत्मबाहुबलवशगां एकचक्राभिगुप्ताम्=एकलसहस्रारचक्ररक्षिताम् । उच्छ्रितैकातपत्राम् = उन्नतैकच्छत्राम् , (अनन्यशासनामिति भावः), वसु-धाम् = भूमिम् , श्रीमान् नारायणः = सर्वावतारबीजम् श्रीविष्णुः, ते = तुभ्यम्, प्रदिशतु = ददातु । (स्रग्धरावृत्तम्) म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियति-युता स्रग्धरा कीर्तितेयम्, इति तल्लक्षणात् ।

वदनजनितकौतूहलेन = तव मुखं कुतुकभावसमुल्लसितं कुर्वता ।

युद्ध में मारकर उसकी अधीनता से मुक्त किया, वामनावतार में एक पैर से नाप लिया और रामावतार में प्रेमपूर्वक पालन किया तथा अपने भुजबल से उसे अधीन कर एक सुदर्शन चक्र से रक्षित किया ऐसी अनन्यशासना (एकच्छत्रा) पृथ्वी भगवान् नारायण आपको दें । यह स्रग्धरा छन्द में है ॥१॥

(नेपथ्य की ओर देखकर) आर्य्ये ! इधर तो आना ।

(प्रवेश करके)

नटी—आर्य्य ! यह हूँ ।

सूत्रधार—हे प्रिये ! तुम्हारे मुख में कौतूहल के भाव को पैदा करने

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नटी—को एत्थ विम्हओ अय्यो भावण्णो त्ति। [कोऽत्र विस्मय आर्यो भावज्ञ इति।]

सूत्रधारः—तेन हि स्वैरमभिधीयताम्।

नटी—इच्छेमि अय्येण सह उय्याणं गन्तुं। अत्थि मे तहिं इत्थिआकरणीअं णिअमकय्यं। [इच्छाम्यार्येण सहोद्यानं गन्तुम्। अस्ति मे तत्र स्त्रीकरणीयं नियमकार्यम्।]

(नेपथ्ये)

भूतिक! त्वमप्युद्यानं गच्छ कुरङ्गीरक्षणार्थम्। मदभावस्थो ह्यञ्जनगिरिः।

सूत्रधारः—आर्ये! ननु भवत्या श्रुतम्-उद्यानं गता राजपुत्रीति। तस्मात् सम्प्रति सर्वतः परिगुप्तानि भवन्त्युद्यानानि। प्रतिनिवृत्तायां राजसुतायां स्वैरं गमिष्यावः।

स्मितेन = मन्दहास्येन। अन्तर्गतः = चित्तवर्त्ती। भावः = अभिप्रायः। निवेदित इव = वचनं विनाऽपि सूचित इव। किञ्चिद् वक्तुकामा असि = किञ्चिद् विवक्षसि।

वाले इस मुसकान ने ही तुम्हारे मनोगत भाव को सूचित कर दिया है कि तुम कुछ कहना चाहती हो।

नटी—आर्य्य! आप भाव को जानने वाले हैं इसमें क्या आश्चर्य है?

सूत्रधार—तो स्वच्छन्द कहो।

नटी—मैं आपके साथ बगीचे में जाना चाहती हूँ। वहाँ हमको स्त्रियोचित कुछ नियम कार्य करना है।

(नेपथ्य में)

हे भूतिक! तुम भी बाग में कुरङ्गी की रक्षा के लिये जाओ। क्योंकि आजकल अञ्जन गिरि (नामक हाथी) मादक भाव में है।

सूत्रधार—आर्य्ये! सुना तुमने। राजकुमारी उद्यान में गई हैं। अतः इस समय उद्यान में कड़ा पहरा होगा। राजकुमारी के वहाँ से लौट जाने पर हम लोग वहाँ स्वच्छन्द चलेंगे।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नटी–जं अय्यो आणवेदि । [यदार्य आज्ञापयति ।]

(निष्क्रान्तौ)

स्थापना ।

(ततः प्रविशति राजा सपरिवारः)

राजा—

इष्टा मखा द्विजवराश्च मयि प्रसन्नाः
प्रज्ञापिता भयरसं समदा नरेन्द्राः ।
एवंविधस्य च न मेऽस्ति मनःप्रहर्षः
कन्या पितुर्हि सततं बहु चिन्तनीयम् ॥ २ ॥

अन्वयः—मखाः इष्टाः, द्विजवराः च मयि प्रसन्नाः समदाः नरेन्द्राः (मया) भयरसम् प्रज्ञापिताः एवं विधस्य च मे मनः प्रहर्षः न अस्ति हि कन्या पितुः सततम् बहु चिन्तनीयम् ।

इष्टा इति—मखाः = यज्ञाः । इष्टाः = विहिताः । द्विजवराः = ब्राह्मणवर्य्याः । च = अपि मयि प्रसन्नाः = सविनयं यथेष्टदक्षिणादानादिना नितरां प्रसन्नाः । समदाः = अहंमन्याः नरेन्द्राः = प्रतिपक्षिणो राजानः भयरसम् = भीतिभावम् , प्रज्ञापिताः = विशेषेण वोधिताः एवंविधस्य = कृतधर्मकार्य्यस्य पार्ष्णिप्रतिपक्षरहितस्यापि । मे = मम कुन्तिभोजस्य,

---

नटी—आपकी जो आज्ञा ।

(ऐसा कह कर दोनों चले जाते हैं)

(स्थापना)

(तदनन्तर सपरिपार राजा का प्रवेश)

राजा—मैंने यज्ञ किया, उचित दक्षिणा द्वारा सत्कार से, एवं विनय से ब्राह्मणगण भी मेरे ऊपर प्रसन्न हैं । अपने प्रतिपक्षी अभिमानी राजाओं को भी भयभीत बना दिया (बलगर्वित) इस प्रकार श्रेय (पारलौकिक सत्कर्म) प्रेय (ऐहिकसुख) सुखों से सम्पन्न होता हुआ भी मेरा मन प्रसन्न नहीं है क्योंकि अविवाहित कन्या के पिता का सुख कहाँ ? उसे तो निरन्तर बहुत चिन्ता रहती है ॥ २ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

केतुमति ! गच्छ देवीमानय ।

प्रतिहारी—जं भट्टा आणत्तेदि । [यद् भर्ताज्ञापयति ।] (निष्क्रान्ता)

(ततः प्रविशति सपरिवारा देवी)

देवी—जेदु महाराओ । [जयतु महाराजः ।]

राजा—देवि ! नित्यप्रसन्नमपि ते मुखमद्यातिप्रसन्नमिव । किङ्कृतोऽयं प्रहर्षः ।

देवी—णं महाराएण कहिदं—कुरङ्गीणिमित्तं दुदो आअदत्ति । ता अइरेण जामादुअं पेक्खामि त्ति । [ननु महाराजेन कथितं—कुरङ्गीनिमित्तं दूत आगत इति । तदचिरेण जामातरं प्रेक्ष इति ।]

राजा—तादृशमप्यस्ति । न तु तावत् क्रियते निश्चयः । एह्युपविश ।

मनःप्रहर्षः = चित्ताह्लाद; न अस्ति = न वर्तते । हि = यतः, कन्यापितुः = अनूढकन्याजनकस्य सततम् = निरन्तरम् । बहु = अनेकविधम्, चिन्तनीयम् = चिन्ताविषयः विचारणीयमिति यावत् । उक्तञ्च—

पुत्रीति जाता महतीह चिन्ता, कस्मै प्रदेयेति महान् वितर्कः ।
दत्ता सुखं प्राप्स्यति वा न वेति कन्या पितृत्वं खलु नाम कष्टम् ॥

भावः—श्रेयस्त्री कृतधर्माः प्रेयस्वी परिपन्थिरहितोऽपि ।
कन्याविवाहचिन्ता-सक्ततया नास्मि प्रीतात्मा ॥

केतुमति ! आओ और महारानी को बुला लाओ ।

प्रतीहारी—महाराज की जो आज्ञा (जाती है) ।

(उसके बाद परिवार सहित देवी का प्रवेश) .

देवी—जय हो महाराज की ।

राजा—देवि ! सदा प्रसन्न रहने वाले भी तेरे मुख में आज अधिक प्रसन्नता दिखाई दे रही है । किस कारण से यह प्रसन्नता है ?

देवी—महाराज ने ही तो कहा है कि कुरङ्गी के लिये दूत आया है । इसलिये शीघ्र ही दामाद को देखूंगी ।

राजा—ऐसी बात तो है । परन्तु अभी निश्चय नहीं है । आओ बैठो ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

देवी—जं महाराओ आणवेदि । [यद् महाराज आज्ञापयति ।]

(उपविशति ।)

राजा—देवि ! विवाहा नाम बहुशः परीक्ष्य कर्तव्या भवन्ति । कुतः,

जामातृसम्पत्तिमचिन्तयित्वा पित्रा तु दत्ता स्वमनोभिलाषात् ।
कुलद्वयं हन्ति मदेन नारी कूलद्वयं क्षुब्धजला नदीव ॥ ३ ॥

अन्वयः—जामातृसम्पत्तिम् अचिन्तयित्वा, पित्रा स्वमनोऽभिलाषात् दत्ता तु नारी क्षुब्धजला नदी कूलद्वयम् इव मदेन कुलद्वयम् हन्ति ।

व्याख्या—जामातृसम्पत्तिम् जामातुः सम्पत्तिस्तां जामातृसम्पत्तिं = कन्याग्रहीतुः वयोधनबलादिसम्पन्नताम् , अचिन्तयित्वा = अविचार्य्य, पित्रा = जनकेन, स्वमनोऽनुकूलम् = स्वचित्तानुरोधेन, दत्ता = वितीर्णा तु नारी = महिला (कन्या) क्षुब्धजला = वार्षिकजलोपगतमहावेगा नदी = सरित्, कूलद्वयम् = उभयतटम् , इव = यथा, मदेन = तारुण्यजनितावेशेन, कुलद्वयम् = पितृकुलं श्वशुरकुलञ्च, हन्ति = नाशयति । उक्तञ्च—

कुलञ्च, शीलञ्च सनाथतां च, विद्यां च वित्तञ्च वपुर्वयश्च ।
एतान् गुणान् सप्त विचिन्त्य देया कन्या बुधैः शेषमचिन्तनीयम् ॥

उपजातिवृत्तम् । उपमालंकारः—

भावः—स्वसम्पदो न्यूनधनादिकाय, कन्या प्रदत्ता स्वधिया मदेन ।
कुलद्वयं हन्ति नदी यथैव कूलद्वयं बद्धरया स्वकीयम् ॥

देवी—जो महाराज का आदेश । (बैठती है ।)

राजा—देवि ! विवाह बहुत विचार कर करना होता है । क्योंकि—

जामाता की योग्यता सम्पत्ति का विना विचार किये यदि स्वेच्छा से किसी को कन्या दे दी जाय, तो वह अपने तारुण्य के मद से पिता तथा श्वसुर दोनों के कुल को उसी तरह नष्ट कर देती है जैसे वर्षा के जल से वेगवती नदी अपने दोनों तटों को नष्ट कर देती है ॥ ३ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अये शब्द इव । बहुभिः कारणैर्भवितव्यम् । अयं हि,

वहुत्वाद् दूरसंस्थोऽपि समीप इव वर्तते ।
सत्सु हेतुसहस्रेषु कुरङ्गयां शङ्कते मतिः ॥ ४ ॥

देवी—हं उय्याणं गआ मे दुहिआ । [हम् उद्यानं गता मे दुहिता ।]

राजा—कोऽत्र ।

(प्रविश्य)

भटः—जयतु महाराजः । एष आर्यकौञ्जायनो निवेदयितुमागतः ।

अये इति—शब्द इव श्रूयते इति शेषः । अस्य शब्दस्य बहूनि कारणानि सम्भवन्ति । अयं हि = शब्दोहि—

अन्वयः—दूरस्थः अपि बहुत्वात् समीपे इव वर्तते, हेतुसहस्रेषु सत्सु मतिः कुरङ्गयाम् शङ्कते ।

व्याख्या—दूरस्थः = दूरदेशवर्त्ती अपि, वहुत्वात् = आधिक्यात्, समीपं= निकटे इव, वर्तते = अस्ति, हेतुसहस्रेषु = अनेककारणेषु, सत्सु = सम्भावितेषु मतिः = मम बुद्धिः, कुरङ्गयां = स्वतनयां प्रति शङ्कते = शङ्काकुला भवति । 'स्नेहः पापमाशङ्कते' इति कारणात् ॥ ४ ॥

हम् इति—शङ्काद्योतकमिदम्, मदीया दुहितोद्यानं गता तत्र काचि-दापत् सम्भाव्यते ।

सनिर्वेदम् = सकष्टम् । अमात्यत्वम् कष्टम् = मन्त्रिभावः कष्टदायकः ।

अरे शब्द सुनाई दे रहा है, इसमें बहुत कारण हो सकते हैं । यह शब्द—

यह शब्द अधिक होने के कारण दूर होने पर भी समीप में होने वाला जैसा ज्ञात होता है । इस शब्द में अनेक कारणों की सम्भावना होने पर भी मेरी बुद्धि कुरङ्गी के प्रति शङ्का युक्त हो रही है, क्योंकि अधिक स्नेह अनवसर में शङ्का का कारण हो जाता है ॥ ४ ॥

देवी—हाँ, मेरी पुत्री बगीचे में गई है ।

राजा—कोई है ?

(प्रवेश करके)

भट—जय हो महाराज की । आर्य्य कौञ्जायन कुछ निवेदन करने आये हैं ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

राजा—शीघ्रं प्रवेश्यताम् ।

भटः—यदाज्ञापयति महाराजः ।

(ततः प्रविशति कौञ्जायनः ।)

कौञ्जायनः—(सनिर्वेदम्) भोः ! कष्टममात्यत्वं नाम । कुतः,

प्रसिद्धौ कार्याणां प्रवदति जनः पार्थिवबलं
विपत्तौ विस्पष्टं सचिवमतिदोषं जनयति ।
अमात्या इत्युक्ताः श्रुतिसुखमुदारं नृपतिभिः
सुसूक्ष्मं दण्ड्यन्ते मतिबलविदग्धाः कुपुरुषाः ॥ ५ ॥

अन्वयः—कार्य्याणाम् प्रसिद्धौ जनः पार्थिवबलम् प्रवदति, विपत्तौ सचिवमतिदोषम् विस्पष्टम् जनयति, नृपतिभिः श्रुतिसुखम् उदारम् च अमात्या इत्युक्ताः मतिबलविदग्धाः कुपुरुषाः सुसूक्ष्मम् दण्डयन्ते ।

व्याख्या—कार्य्याणाम् = कर्तव्यार्थानाम्, प्रसिद्धौ = सम्पन्नतायां जातायाम्, जनः = लोकः, पार्थिवबलम् = नृपतिमाहात्म्यम् , प्रवदति = ख्यापयति । विपत्तौ = विधेयार्थस्यासाफल्ये, सचिवमतिदोषम् = मन्त्रिबुद्धिविपर्य्ययजन्यदोषम् विस्पष्टम् = जनयति=समुत्पादयति, नृपतिभिः = राजभिः, श्रुतिसुखम् = श्रवणाह्लादजनकम् , उदारम् = महत्वशालि, च अमात्या इति = इमे मन्त्रिण इति, उक्ताः = सादरमभिहिताः, मतिबलविदग्धाः = मिथ्याप्राज्ञम्मन्याः, कुपुरुषाः = कुमन्त्रिणः, सुसूक्ष्मम् = निभृतम्, दण्डयन्ते = दण्डिता भवन्ति । शिखरिणीवृत्तम् ॥ ५ ॥

राजा—शीघ्र भेज दो ।

भट—जो महाराज की आज्ञा ।

(कौञ्जायन का प्रवेश)

कौञ्जायन—(खेद के साथ) मन्त्री होना कष्टदायक होता है । क्योंकि—

कार्य सिद्ध होने पर लोग राजा के बल की प्रशंसा करते हैं और असिद्धि होने पर मन्त्री के बुद्धि को दोष देते हैं राजा लोग 'अमात्य' इस सुन्दर शब्द से सम्बोधित कर मानो उन पण्डितमानी कुपुरुष मन्त्रियों को सूक्ष्म रूप से दण्ड देते हैं ॥ ५ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जयसेन ! कस्मिन् प्रदेशे वर्तते स्वामी । किं ब्रवीषि——उपस्थान-गृह इति । अतस्त्वशङ्कनीयेयं भूमिः । (परिक्रम्य ससम्भ्रम्) प्रसीदतु स्वामी ।

राजा—अलमलं सम्भ्रमेण । स्वैरमुपविश्य कथ्यतां वृत्तान्तः ।

कौञ्जायनः—शृणोतु स्वामी । ननु स्वामिनाहमुक्तः—स्वामिदारिकया सह गच्छोद्यानम् इति ।

राजा—एवमुक्तम् । पुनः किम् ।

कौञ्जायन—ततो गत्वोद्यानं यथासुखमाक्रीडच निवर्तमानायां राजसुतायां दासीदासहसितकथितश्रवणबृंहितमदस्रवन्मदजलार्द्रदुर्दि-

---

भावः—कार्य्यसिद्धौ जना भूपतिं संस्तुवन्ति
ह्यर्थनाशे त्वमात्यं प्रणिन्दन्त्यधन्यम् ।
मन्त्रिवर्य्या इमे ये पदं मान्यताया-
स्ते प्रदण्ड्यन्त एते कुबुद्धया विदग्धाः ॥

उपस्थानगृहे = यत्र स्थितं राजानं सर्वसाधारणाः निःशङ्कं प्रविश्य संस्तुवन्ति अतः अशङ्कनीया इयं भूमिः अशङ्कप्रवेशार्हा तत्र स्थितस्य राज्ञो दर्शनस्यानुमतत्वात् ।

अलमलं संभ्रमेण = सम्भ्रमो न कार्य्यः । स्वैरम् = स्वच्छन्दम् ।

स्वामिनाहमुक्तः = भवताहमाज्ञप्तः । स्वामिदारिकया = राजकुमार्य्या ।

दासीदासेति-दासीनां = राजकिङ्करीणां, दासानां = राजभृत्यानां च,

---

जयसेन—महाराज कहाँ हैं ? क्या कहा ? उपस्थान गृह में हैं । वहाँ जाने में तो कोई अनुमति की आवश्यकता नहीं है । (चलकर घबड़ाहट के साथ) महाराज प्रसन्न हों ।

राजा—घबड़ाओ नहीं, यथेष्ट बैठकर समाचार कहो ।

कौञ्जायन—महाराज सुनें । श्रीमान् ने आज्ञा दी थी कि तुम राज-कुमारी के साथ उद्यान में जाओ ।

राजा—हाँ, ऐसा कहा था । फिर क्या हुआ ?

कौञ्जायन—तदनन्तरं उद्यान में जाकर इच्छानुसार वहाँ क्रीडा कर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नाननो निहतपतितसादिपुरुषः क्षितिरजोवगुण्ठिताव्यक्तभीममूर्तिमानिव पवनो दृष्टादृष्टलघुप्रचारः स्वामिसचिवानां वक्तव्यं जनयितुकाम इवैकपुरुषविशेषं प्रकाशयितुमिच्छन्निव मदान्धस्तं देशमभ्युपगतो हस्ती ।

राजा—तिष्ठतु विस्तरः । ननु कुशलिनी कुरङ्गी ।

कौञ्जायनः—कथमकुशलिनी भवति विद्यमानेषु स्वामिभाग्येषु ।

राजा—दिष्टया । यथेष्टमिदानीं ब्रूहि,

कौञ्जायनः—ततः प्रद्रुतेषु प्राकृतजनेषु हाहाकारमात्रप्रतीकारासु

हसितकथितयोः श्रवणेन बृंहितो यो मदस्तेन स्रवता मदजलेन आर्द्रं = सिक्तं, दुर्दिनं=सघनं आननं यस्य सः = दासीदासहसितकथितश्रवणबृंहितमदस्रवन्मदजलार्द्रदुर्दिनाननः =परिचारकपरिचारिकाहास्यवचनश्रवणजन्यपरिवर्धितदानवारिक्लिन्नमुखः, •निहतपतितसादिपुरुषः = निहतः मारितः पतितश्च्यावितः सादिपुरुषो येन सः=निहतपतिताधोरणः, क्षितिरजोऽवगुण्ठिताव्यक्तभीममूर्तिः= भूधूलिसंच्छन्नास्पष्टभयानकाकारः, मूर्तिमान् = देहधारी, पवनः = वायुरिव, दृष्टादृष्टलघुप्रचारः = लक्ष्यालक्ष्यशीघ्रगमनः स्वामिसचिवानाम् = भवन्मन्त्रिणाम्, वक्तव्यम् = वचनीयताम् , जनयितुकाम इव = जनयिष्यन्निव, पुरुषविशेषम् = अपूर्वपरिचितम् ।

तत इति—प्राकृतजनेषु = साधारण लोकेषु, प्रद्रुतेषु = पलायितेषु,

---

जब राजकुमारी घर की ओर लौट रही थीं उसी समय दासी-दास के हँसने और बोलने के शब्द से चिढ़ा हुआ, मदमत्त, पृथ्वी की धूलि से सने रहने के कारण महाभयङ्कर मूर्त्तिमान वायु के आकार वाला कोई हाथी अपने पीलवान् को मारकर पृथ्वी पर गिराते हुये समस्त राजकीय पुरुषों की असावधानी प्रकट करता हुआ वहाँ उपस्थित हो गया, उसकी शीघ्रतापूर्वक गमन क्रियाकला को किसी ने देखा, किसी ने नहीं भी देखा ।

राजा—विस्तार रहने दो । कुरङ्गी सकुशल है न ?

कौञ्जायन—आपके प्रबल भाग्य के रहते उसका अकुशल क्यों होगा ?

राजा—धन्य भाग्य ! अब यथेच्छ कहो ।

कौञ्जायन—इसके अनन्तर जब साधारण लोग भाग गये, मात्र स्त्रियाँ

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

स्त्रीषु समाश्रितनिहतेषु सुपुरुषेषु उद्यानगतानां सर्वोपकरणानां परीक्षणाय मुहूर्तव्याक्षिप्ते मयि च नीतिगुप्ते सहसैव स्वामिदारिकाया यानमेव प्राप्तः स हस्ती।

देवी--हं इदो वरं किण्णु खु भविस्सदि। [हम् इतः परं किन्नु खलु भविष्यति।]

राजा--अथ केन सनाथीकृता कुरङ्गी।

कौञ्जायनः--अथ कश्चिद् दर्शनी--(इत्यर्धोक्ते तिष्ठति)

राजा--यथेष्टमिदानीं ब्रूहि। निष्परिहारा व्यापदः।

कौञ्जायनः--अथ कश्चिद् दर्शनीयोऽप्यविस्मितस्तरुणोऽप्यनहङ्कारः

